| R | S | M | S |
|---|---|---|---|

**Code No. : 13 / PB / EC**

# FIRST PRE-BOARD EXAMINATION 2013

**SUBJECT – ECONOMICS**

**CLASS – XII**

- *Please check that this question paper contains 4 printed pages*
- *Please check that this question paper contains 32 questions*
- *Please write down the Serial Number of the Question before attempting it.*
- *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न पत्र में मुद्रित पृष्ठ 4 हैं ।*
- *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न पत्र में 32 प्रश्न हैं ।*
- *कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।*

**Roll No. : ……………** **Time Allowed : 3 Hours**

**Class : ……………….** **Maximum Mark : 100**

PREPARED BY : SATBIR SIN

## SECTION – A / खण्ड – अ

1. Define economic cost 1
आर्थिक लागत को परिभाषित कीजिए ।

2. What is 'Budget Line' ? 1
बजट रेखा क्या है ?

3. Define shut – down point of a firm ? 1
एक फर्म का उत्पादन बन्द बिन्दु परिभाषित कीजिए ।

4. When does TR curve takes the shape of inverted vertical parabola ? 1
TR वक्र किस अवस्था में उल्टा उर्ध्वाकार परवलय के रूप में निरूपित होता है?

5. State one reason responsible for diminishing returns of an input ? 1
एक आगत के घटते प्रतिफल के लिए उत्तरदायी कोई एक कारण दीजिए ।

6. How does the shape of Production Possibility frontier is decided graphically ? 3
चित्रीय निरुपण में सीमान्त उत्पादन संभावना की आकृति का निर्धारण किस प्रकार होता है?

7. Suppose there are two consumers in the market for a good and their demand functions are as follows:
$d_1(p) = 20 - p$ for any price less than or equal to 15 and $d_1(p) = 0$ at any price greater than 15.
$d_2(p) = 30 - 2p$ for any price less than or equal to 15 and $d_2(p) = 0$ at any price greater than 15.
Find out the market demand function. 3
मान लीजिए बाजार में एक ही वस्तु के लिए दो उपभोक्ता हैं तथा उनके माँग फलन इस प्रकार है
$d_1(p) = 20 - p$ किसी भी ऐसी कीमत के लिए जो 15 से कम या बराबर हो तथा $d_1(p) = 0$ किसी ऐसी कीमत के लिए जो 15 से अधिक हो ।
$d_2(p) = 30 - 2p$ किसी भी ऐसी कीमत के लिए जो 15 से कम हो या बराबर हो तथा $d_2(p) = 0$ किसी ऐसी कीमत के लिए जो 15 से अधिक हो, बाजार माँग फलन को ज्ञात कीजिए ।

8. When does a production function satisfy an increasing returns to an input ? 3
एक उत्पादन फलन एक आगत के बढ़ते हुए प्रतिफल को कब सन्तुष्ट करता है ?

9. Will a profit – maximizing firm in a competitive market ever produce a positive level of output in the range where the marginal cost is falling ? Give an explanation. 3

क्या एक प्रतिस्पर्धी बाजार में लाभ-अधिकतमीकरण फर्म सकारात्मक निर्गत स्तर पर उत्पादन कर सकती है जब सीमान्त लागत घट रही हो, व्याख्या कीजिए ।

OR / अथवा

State any three features of an oligopoly firm.

एक अल्पाधिकारी फर्म की तीन विशेषताएँ बताइए ।

10. Explain why the shape of an Indifference curve is convex to the origin ? 3

उदासीनता वक्र मूल बिन्दु की ओर उन्नतोदर क्यों होता है, व्याख्या कीजए ।

11. The market price of a good changes from ₹ 5 to ₹ 4. As a result, the quantity demanded rises by 12 units. The price elasticity of demand is ( - ) 1.5. Find the initial and final quantity. 4

एक वस्तु की बाजार कीमत 5 रू प्रति इकाई से घटकर 4 रू प्रति इकाई हो जाती है जिसके परिणामस्वरूप माँग की मात्रा में 12 इकाइयों की वृदधि हो जाती है, यदि माँग की लोच का गुणांक ( - ) 1.5 हो तो वस्तु की प्रारम्भिक एवम् परिवर्तित माँग ज्ञात कीजिए ।

12. How does an increase in the price of an input affect the supply curve of a firm ? Use diagram

आगतों की कीमत में वृदधि का आपूर्ति वक्र पर क्या प्रभाव पड़ता है, रेखाचित्र का प्रयोग कीजिए ।

OR/ अथवा

How does the imposition of a unit tax affect the supply curve of a firm ? Use diagram. 4

इकाई कर लगाने से एक फर्म का आपूर्ति वक्र किस प्रकार प्रभावित होता है ? रेखाचित्र का प्रयोग कीजिए।

13. Explain the relation between marginal revenue and average revenue when firm is able to sell more quantity of output : 4

(i) at the same price (ii) only by lowering the price

सीमान्त सम्प्राप्ति एवम् औसत सम्प्राप्ति में सम्बन्ध बताइए जब एक फर्म उत्पादन की अधिक मात्रा बेच सकती है

(i) एक समान कीमत पर (ii) कीमतों में कमी करने के पश्चात

14. What do you understand by optimal choice of a consumer ? Explain how a consumer attains this optimal choice ? Use Diagram. 6

उपभोक्ता के इष्टतम चयन से आप क्या समझते हैं? बताइए कि एक उपभोक्ता इष्टतम चयन की स्थिति को कैसे प्राप्त करता है ? रेखाचित्र का प्रयोग कीजिए ।

15. Giving reasons, state whether the following statements are true or false. 6

(a) when there are diminishing returns of a factor, total product always decreases.
(b) Total product will increase only when marginal product increases.
(c) When marginal revenue is zero, average revenue will be constant

कारण स्पष्ट करते हुए बताइए कि निम्नलिखित में से कौन से कथन सत्य हैं तथा कौन से असत्य हैं :-

(अ) जब ह्रासमान प्रतिफल का नियम लागू होता है तो कुल उत्पाद सदैव घटता है
(ब) कुल उत्पाद तभी बढ़ता है जब सीमान्त उत्पाद बढ़ता है
(स) जब सीमान्त सम्प्राप्ति शून्य होती है, तो औसत सम्प्राप्ति स्थिर होती है ।

16. Explain the chain effect on equilibrium price and equilibrium quantity due to decrease in supply. 6

आपूर्ति में कमी का संतुलन कीमत एवम् संतुलन मात्रा पर श्रृंखला प्रभाव दर्शाइए ।

OR / अथवा

How will a change in price of coffee affect the equilibrium price of tea ? Explain the effect on equilibrium quantity also through a diagram.

कॉफी की कमीत में परिवर्तन, चाय की संतुलन कीमत को किस प्रकार प्रभावित करेगा । एक आरेख द्वारा संतुलन मात्रा पर प्रभाव को भी समझाइए ।

PREPARED BY - SATBIR SINGH

## SECTION – B / खण्ड – ब

17. What is a barter system ? 1

वस्तु विनिमय प्रणाली क्या है ?

18. What do you understand by Aggregate Demand ? 1

समग्र माँग से आप क्या समझते हैं ?

19. State the two components of Money Supply ? 1

मुद्रा आपूर्ति के दो घटक लिखिए ।

20. What is the relationship between marginal propensity to save and marginal propensity to consume ? 1

सीमान्त बचत की प्रवृत्ति एवम् सीमान्त उपभोग की प्रवृत्ति में क्या सम्बन्ध है ?

21. How is the exchange rate is determined under flexible exchange rate regime ? 1

नम्य विनिमय दर व्यवस्था में विनिमय दर का निर्धारण कैसे होता है ?

22. Distinguish between stock and flow between net investment and capital, which is a stock and which is a flow ? Compare net Investment and Capital with flow of water into a tank. 3

स्टॉक एवम् प्रवाह में भेद स्पष्ट कीजिए, निवल निवेश और पूँजी में कौन स्टॉक है और कौन प्रवाह? हौज में पानी के प्रवाह से निवल निवेश और पूँजी की तुलना कीजिए ।

23. Suppose the GDP at market price of a country in a particular year was ₹ 1100 crores. Net Factor Income from Abroad was ₹ 100 crores. The value of Indirect taxes – subsidies was ₹ 150 crores and National Income was ₹ 850 crores. Calculate the aggregate value of depreciation. 3

मान लीजिए कि किसी विशेष वर्ष में किसी देश का बाजार कीमत पर सकल घरेलू उत्पाद का मूल्य 1100 करोड़ रूपये था । विदेशों से प्राप्त निवल कारक आय 100 करोड़ रुपये थी । अप्रत्यक्ष कर – उपदान का मूल्य 150 करोड़ रुपये और राष्ट्रीय आय 850 करोड़ रुपये थी, तो मूल्यह्रास के समस्त मूल्य की गणना कीजिए ।

24. What is the difference between planned and unplanned inventory accumulations. Write down the relation between change in inventories and value added of a firm. 3

नियोजित और अनियोजित माल-सूची संचय में क्या अन्तर है ? किसी फर्म की माल सूची और मूल्यवर्धित के बीच सम्बन्ध बताइए ।

25. Differentiate between balance of trade and current account balance. 3

संतुलित व्यापार शेष और चालू खाता संतुलन में अन्तर स्पष्ट कीजिए ।

OR / अथवा

Difference between devaluation and depreciation of foreign exchange.

विदेशी विनिमय के अवमूल्यन और मूल्यह्रास में अन्तर स्पष्ट कीजिए ।

26. Explain any three components of capital account of Balance of Payment. 3

भुगतान शेष के पूँजी खाते के किन्हीं तीन घटकों की व्याख्या कीजिए ।

27. Measure the level of ex-ante aggregate demand when autonomous investment and consumption expenditure (A) is ₹ 50 crores, and MPS is 0.2 and level of income is ₹ 4000 crores. State whether the economy is in equilibrium or not (cite reasons) 4

जब स्वायत्त निवेश और उपभोग व्यय (A) 50 करोड़ रुपये हो और सीमान्त बचत प्रवृत्ति (MPS) 0.2 तथा आय का स्तर 4,000 करोड़ रुपये हो, तो प्रत्याशित समस्त माँग ज्ञात करें। यह भी बताएँ कि अर्थव्यवस्था संतुलन में है या नहीं (कारण भी बताएँ)

28. What is marginal propensity to consume ? How is it related to marginal propensity to save ? सीमान्त उपभोग की प्रवृत्ति से क्या अभिप्राय है ? यह सीमान्त बचत की प्रवृत्ति से किस प्रकार सम्बन्धित है ?

PREPARED BY - SATBIR SINGH

OR / अथवा

Distinguish between revenue expenditure and capital receipts. 4

राजस्व व्यय एवम् पूँजीगत प्राप्तियों में अन्तर स्पष्ट कीजिए ।

29. Are fiscal deficits necessarily inflationary ? 4

क्या राजकोषीय घाटा आवश्यक रुप से स्फीतिकारी है ?

30. What are the instruments of monetary policy of RBI ? How does RBI stabilize money supply against exogenous shocks. 6

भारतीय रिज़र्व बैंक की मौद्रिक नीति के कौन से उपकरण हैं ? बाह्य आघातों के विरुद्ध भारतीय रिज़र्व बैंक किस प्रकार मुद्रा की पूर्ति को स्थिर करता है ?

31. Explain with the help of saving and investment curves, the equilibrium level of income in an economy. Is equality between saving and investment necessary for full employment ? 6

बचत एवम् निवेश वक्रों की सहायता से एक अर्थव्यवस्था में आय का संतुलन स्तर ज्ञात कीजिए । क्या बचत एवम् निवेश का एक समान होना आय के संतुलन की एक आवश्यक शर्त है ?

OR / अथवा

Explain determination of national income based on aggregate demand and aggregate supply. Use diagram.

समग्र माँग एवम् समग्र पूर्ति की सहायता से आय का संतुलन स्तर ज्ञात कीजिए । रेखाचित्र का प्रयोग कीजिए ।

32. Calculate (i) $GNP_{FC}$ and (ii) NNDI from the following data. 6

निम्न आँकड़ों की सहायता से साधन लागत पर सकल राष्ट्रीय उत्पाद तथा शुद्ध राष्ट्रीय प्रयोज्य आय का मूल्य ज्ञात कीजिए ।

| | | ( ₹ in Crores )<br>(रू करोड़ों में) |
|---|---|---|
| (i) | Net Indirect Tax<br>शुद्ध अप्रत्यक्ष कर | 800 |
| (ii) | Net domestic fixed capital formation<br>निवल घरेलू स्थायी पूँजी निर्माण | 500 |
| (iii) | Consumption of fixed capital<br>स्थायी पूँजी का उपभोग | 100 |
| (iv) | Private final consumption expenditure<br>निजी अन्तिम उपभोग व्यय | 5000 |
| (v) | Govt. final consumption expenditure<br>सरकारी अन्तिम उपभोग व्यय | 2000 |
| (vi) | Net factor income to abroad<br>विदेशों को निवल साधन आय | 50 |
| (vii) | Net Exports<br>शुद्ध निर्यात | ( - ) 50 |
| (viii) | Change in stock<br>स्टॉक में परिवर्तन | ( - ) 30 |
| (ix) | Current transfers from Rest of the World<br>विदेशों से चालू अंतरण | 70 |
| (x) | Compensation of employees<br>कर्मचारियों का पारिश्रमिक | 2500 |
| (xi) | Current transfers to Rest of the World<br>विदेशों को चालू अंतरण | 40 |

PREPARED BY - SATBIR SINGH